Hindi

# शिक्षार्थी कल्याण और सुरक्षा

उच्चतर शिक्षार्थियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी

Te Oranga me Te Haumaru Ākonga

Learner Wellbeing and Safety

NZQA
Mana Tohu Mātauranga o Aotearoa
New Zealand Qualifications Authority

## यह पुस्तिका न्यूजीलैंड की शिक्षा (उच्चतर और अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों के लिए पैस्टोरल देखभाल) कार्य संहिता 2021 (कोड) का एक सारांश है।

# अनुभाग 1

### कोड क्या है?

कोड उन आवश्यकताओं को निर्धारित करता है जिन्हें प्रदाताओं को अपने उच्चतर और अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों के कल्याण और सुरक्षा के लिए पूरा करना आवश्यक है।

कोड के अंतर्गत, आपके उच्चतर शिक्षा प्रदाता को आपके निम्न बने रहने मे मदद करना आवश्यक है:

- सुरक्षित (शारीरिक और मानसिक रूप से)
- सम्मानित और व्यक्तिगत रूप से स्वीकृत
- अपने शिक्षण और कल्याण में समर्थित
- अपने सामाजिक और सांस्कृतिक नेटवर्क के साथ सम्बद्ध
- छात्र सेवाओं संबंधित निर्णयों में विचार व्यक्त करने में सक्षम।

### कोड किसके लिए है?

कोड Te Pūkenga, Wānanga, विश्वविद्यालयों और निजी प्रशिक्षण प्रतिष्ठानों (PTEs) में नामांकित सभी शिक्षार्थियों को शामिल करता है, जिसमें ऑनलाइन, अपतटीय और/या कार्यस्थल पर आधारित परिवेश में अध्ययन करने वाले शिक्षार्थी शामिल हैं।

न्यूजीलैंड अर्हता प्राधिकरण (NZQA) न्यूजीलैंड सरकार की ओर से कोड का प्रशासक है। NZQA प्रदाताओं द्वारा कोड के पालन का निरीक्षण और समर्थन करता है।

न्यूजीलैंड में, केवल वे ही शिक्षा प्रदाता जो कोड के हस्ताक्षरकर्ता हैं, अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों को भर्ती कर सकते हैं। क्या कोई शिक्षा प्रदाता हस्ताक्षरकर्ता है या नहीं इसकी आप NZQA वेबसाइट: https://www.nzqa.govt.nz/providers/index.do पर जाँच कर सकते हैं।

### मैं कोड की एक प्रति कैसे प्राप्त करूं?

कोड NZQA वेबसाइट पर उपलब्ध है। कोड के बारे में अधिक जानकारी और सलाह के लिए, ईमेल के माध्यम से हमारी टीम के सदस्य से संपर्क करें: code.enquiries@nzqa.govt.nz

देखें शिक्षार्थी कल्याण और सुरक्षा के लिए कोड (PDF, 925KB).

### आप अपने शिक्षा प्रदाता से क्या अपेक्षा कर सकते हैं?

आपके शिक्षा प्रदाता को यह करना आवश्यक है:

- आपको अपनी शिक्षा के बारे में विदित विकल्प चुनने के लिए सक्षम बनाना
- आपको अपने अध्ययन के लिए तैयार और समायोजित होने में समर्थन देना
- अध्ययन के लिए सुरक्षित, सहायक और सुलभ वातावरण प्रदान करना
- आवश्यकता होने पर आवाज़ उठाने में आपको सक्षम बनाना
- आपको उपयुक्त समर्थन सेवाओं से शीघ्रता से कनेक्ट करना
- आपातकालीन स्थिति में आपकी मदद करने की योजना बनाना – चाहे कैंपस में या आपके छात्र आवास में।

अधिक जानने के लिए, हमारी वेबसाइट Know the Code - videos » NZQA देखें

# अनुभाग 2

## छात्र आवास

कोड छात्र के आवास-स्थान में भी शिक्षार्थियों का समर्थन करने के लिए उच्चतर शिक्षा प्रदाताओं के लिए आवश्यकताओं को निर्धारित करता है।

### छात्र आवास क्या है?

छात्र आवास आवासीय किराएदारी अधिनियम 1986 (आरटीए -रेसिडेंशियल टेंनैंसीज़ एक्ट 1986) में आवास की एक विशेष श्रेणी है। इस प्रकार का आवास आरटीए की आवश्यकताओं से मुक्त है। इसका अर्थ यह है कि छात्र आवास पर लागू होने वाले नियम अधिकांश अन्य किराया समझौतों से अलग हैं।

छात्र आवास होने के नाते यह एक महत्वपूर्ण कानूनी विभेदन है और छात्रों के लिए सभी आवास इस छूट के लिए अर्हता प्राप्त नहीं करते हैं।

### आप अपने छात्र आवास प्रदाता से क्या अपेक्षा कर सकते हैं?

कोड के अंतर्गत, आप अपने छात्र आवास से अपेक्षा कर सकते हैं कि वह:

- एक सुरक्षित और समावेशी आवासीय समुदाय प्रदान करे
- आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने वाली सुविधाओं और सेवाओं की व्यवस्था करे
- सुरक्षित, स्वच्छ, सूखा, गर्म, आरामदायक, सुलभ और अध्ययन के लिए अनुकूल हो
- किसी भी इमारत के काम को इस तरह से करे कि जिससे आपको अनावश्यक रूप से परेशानी न हो
- सुनिश्चित करे कि कर्मचारी उपयुक्त और उचित व्यक्ति हैं जो अपना काम करने के लिए प्रशिक्षित और समर्थित हैं
- अनुबंध, गृह नियम और नीतियां प्रदान करें जो उचित और समझने में आसान हों
- निवासी आवास कर्मचारियों का उपयुक्त अनुपात बनाए रखे
- छात्र आवास में आपका नियमित रूप से ध्यान रखने की व्यवस्था करे
- किसी गंभीर घटना या आपातकाल में आपकी सहायता करने की योजना बनाए
- छात्र आवास का स्वामित्व और संचालन कौन करता है, इसका खुलासा करे।

# अनुभाग 3

## अंतरराष्ट्रीय उच्चतर शिक्षार्थी

### अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थी क्या अपेक्षा कर सकते हैं?

कोड के अंतर्गत, अंतरराष्ट्रीय उच्चतर शिक्षार्थियों को घरेलू उच्चतर शिक्षार्थियों के समान देखभाल और समर्थन का हक प्रदान किया जाता हैं।

आपके शिक्षा प्रदाता को यह स्वीकार करना और मानना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थियों की भिन्न समर्थन आवश्यकताएं होती हैं। उन्हें आपकी आवश्यकताओं को पहचान करके उचित प्रतिक्रिया देने की कोशिश करनी चाहिए।

आपके शिक्षा प्रदाता को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि:

- आप न्यूज़ीलैंड में रहते और अध्ययन करते समय सुरक्षित और सलामत रहें
- आपको न्यूज़ीलैंड में रहना और अध्ययन करना कैसा होगा इसकी एक पूर्ण और यथार्थ जानकारी हो
- आपको अपने शिक्षा प्रतिनिधि से विश्वसनीय सलाह और समर्थन मिलता है
- उनके पास निम्न बातों का व्यवस्थापन करने के लिए अच्छी प्रणालियां और प्रलेखन स्थापित हैं:
  - अध्ययन का प्रस्ताव
  - भर्ती की प्रक्रिया
  - भर्ती का अनुबंध
  - आपका वीज़ा एवं बीमा स्थिति और अभिलेख।
- भर्ती के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने से पहले आपको अपने संभावित शैक्षिक परिणामों और एक अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थी के रूप में अपने अधिकारों और जिम्मेदारियों की स्पष्ट जानकारी है
- यदि आप अध्ययन रोक देते हैं, उपस्थित नहीं होते है, या आपका शिक्षा प्रदाता किसी कार्यक्रम को रद्द करता है या किसी भी कारण से बंद हो जाता है तो आप अपने अधिकारों और दायित्वों को समझते है।
- आप एक अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं और न्यूज़ीलैंड में बसने और अध्ययन करने में आपकी सहायता के लिए निरंतर जानकारी और सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# अनुभाग 4

## अगर कुछ गड़बड़ हो जाए तो?

यदि आपको अपने शिक्षा प्रदाता, अपने प्रतिनिधि या अपने छात्र आवास के बारे में चिंता है, तो तुरंत अपने प्रदाता से संपर्क करें और उनकी शिकायत प्रक्रिया का पालन करें।

कोड के अंतर्गत, शिक्षा प्रदाताओं के पास शिकायतों को सुनने और जवाब देने के लिए एक स्पष्ट और निष्पक्ष आंतरिक प्रक्रिया होनी आवश्यक है।

आपके प्रदाता के पास एक नामित व्यक्ति होगा जिससे आप अपनी शिकायत के बारे में बात कर सकते हैं। यह काम स्कूल के प्रमुख, अंतरराष्ट्रीय निदेशक, छात्रों के वकील या अन्य विशेषज्ञ कर्मचारी सदस्य द्वारा किया जा सकता है।

यदि आप अपने प्रदाता की शिकायत प्रक्रिया या अपनी शिकायत के परिणाम से नाखुश हैं, तो आप यहाँ संपर्क कर सकते हैं:

- NZQA (कोड का पालन नहीं करने वाले प्रदाता के बारे में शिकायतों के लिए)
- उच्चतर शिक्षा विवाद समाधान (वित्तीय या अनुबंध से संबंधित मुद्दों के बारे में शिकायतों के लिए, यदि आप एक घरेलू शिक्षार्थी हैं)
- iStudent Complaints (वित्तीय या अनुबंध से संबंधित मुद्दों के बारे में शिकायतों के लिए, यदि आप अंतरराष्ट्रीय शिक्षार्थी हैं)।

## क्या आपकी किसी प्रदाता द्वारा कोड का पालन नहीं किए जाने के बारे में कोई शिकायत है?

कोड प्रशासक के रूप में, NZQA के पास कोड के संभावित उल्लंघनों की जांच करने का कानूनी अधिकार है। उनके पास किसी शिकायत की वैधता का और प्रदाता द्वारा कोड के गैर-अनुपालन का पता लगाने के लिए एक प्रक्रिया है। इसमें शिकायत करने वाले छात्र और शिक्षा प्रदाता दोनों से जानकारी प्राप्त करना शामिल है।

शिकायत करने का तरीका जानने के लिए, NZQA वेबसाइट www.nzqa.govt.nz/about-us/make-a-complaint/make-a-complaint-about-a-provider/ देखें

## क्या आपकी कोई वित्तीय या अनुबंध से संबंधित मुद्दों के बारे में कोई शिकायत है?

उच्चतर शिक्षा विवाद समाधान और iStudent Complaints न्यूजीलैंड सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली स्वतंत्र सेवाएं हैं जो आपको शिक्षा प्रदाता के साथ वित्तीय या अनुबंध से संबंधित मुद्दे के बारे में हुए विवादों को हल करने में मदद कर सकती हैं। उनकी सेवाएं मुफ्त हैं।

### उच्चतर शिक्षा विवाद समाधान

| | |
|---|---|
| वेबसाइट | https://tedr.org.nz/ |
| ईमेल | contact@tedr.org.nz |
| फ्रीफोन (न्यूजीलैंड के भीतर) ) | 0800 00 8337 |

### iStudent complaints

| | |
|---|---|
| वेबसाइट | www.istudent.org.nz |
| ईमेल | complaints@istudent.org.nz |
| अंतरराष्ट्रीय फोन नंबर | 64 4 918 4975 |
| फ्रीफोन (न्यूजीलैंड के भीतर) | 0800 00 66 75 |
| सोशल मीडिया पर | फेसबुक – www.facebook.com/istudent.complaints<br>वीचैट – (केवल चीनी भाषा के लिए 'NZ iStudent Complaints' खोजें) |
| डाक पता | iStudent Complaints<br>PO Box 2272, Wellington 6014<br>New Zealand |

NZQA
Mana Tohu Mātauranga o Aotearoa
New Zealand Qualifications Authority

Te Kāwanatanga o Aotearoa
New Zealand Government